गोविंद तुम्हारे चरणों में

गोविंद तुम्हारे चरणों में
==================
गोविंद, तुम्हारे चरणों में,
एक प्रेम, पुजारी आया है ।
गोविंद, तुम्हारे चरणों मे,
एक दर्श, भिखारी आया है ।
गोविंद, तुम्हारें चरणो में...

मेरे हाथों में, जल का लोटा है,
मैं तुम्हें, नहलाने आया हूँ ।
बड़े प्रेम से, नहायो मन मोहन,
मैं तुम्हें, नहलाने आया हूँ ।
गोविंद, तुम्हारें चरणो में...

मेरे हाथों में, रेशम वस्त्र है,
मैं तुम्हें, पहनाने आया हूँ ।
बड़े प्रेम से, पेहनो मन मोहन,
मैं तुम्हें, पहनाने आया हूँ ।
गोविंद, तुम्हारें चरणो में...

मेरे हाथों में, केसर चंदन है,
मैं तिलक, लगाने आया हूँ ।
बड़े प्रेम से, लगवायो मन मोहन,
मैं तिलक, लगाने आया हूँ ।
गोविंद, तुम्हारें चरणो में...

मेरे हाथों में, फूलों का गज़रा है,
मैं तुम्हें, पहराने आया हूँ ।
बड़े प्रेम से, पहरो मन मोहन,
मैं तुम्हें, पहराने आया हूँ ।
गोविंद, तुम्हारें चरणो में...

मेरै हाथों में, माखन मिश्री है,
मैं भोग, लगाने आया हूँ ।
बड़े प्रेम से, जीमो मन मोहन,
मैं तुम्हें, जिमाने आया हूँ ।
गोविंद, तुम्हारें चरणो में...

मेरे हाथों में, सोने की झारी है,
मैं तुम्हें, पिलाने आया हूँ ।
बड़े प्रेम से, पीयो मन मोहन,
मैं तुम्हें, पिलाने आया हूँ ।

गोविंद, तुम्हारें चरणो में...

मेरे हाथों में, झालर घंटा है,
मैं आरती, करने आया हूँ ।
बड़े प्रेम से, आरती करने दो,
मैं आरती, करने आया हूँ ।
गोविंद, तुम्हारें चरणो में...

मेरे हाथों में, धूप और दीपक है,
मैं आरती, करने आया हूँ ।
बड़े प्रेम से, आरती करने दो,
मैं आरती, करने आया हूँ ।
गोविंद, तुम्हारें चरणो में...

मेरी इच्छा, है प्रभु दर्शन की,
दुनियाँ से, चित घबराया है ।
मेरी बींच, भंवर में नईया है,
प्रभु तूँ ही, एक खवईया है ।
गोविंद, तुम्हारें चरणो में...

नहीं दुनियाँ में, कोई मेरा है,
आफ्त ने, मुझको घेरा है ।
मोहे एक, सहारा तेरा है,
जग ने, मुझको ठुकराया है ।
गोविंद, तुम्हारें चरणो में...
अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33796/title/gobind-tumhare-charno-mein

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |